# प्रतिभावान स्टूडेंट्स के लिए विश्वविद्यालय की अनूठी पहल

- जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर कोटा विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग व एनईपी-2020 पर कार्यशाला का आयोजन करेगा
- 1000 से अधिक प्रतिभावान स्टूडेंट्स को विशेष रियायत दी जाएगी

**कोटा,** (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा विद्यार्थियों के लिए केरियर काउसलिंग व एनईपी-2020 पर ओरियन्टेशन कार्यशालाओं का आयोजन हाड़ौती/कोटा संभाग के जिले के प्रत्येक ब्लॉक स्तर करने जा रहा है।

इसी श्रृंखला में विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांगरोल (बारां), वृंदावन मैरिज गार्डन, इटावा (कोटा), श्री धरणीधर मैरिज गार्डन, खानपुर (झालावाड़) तथा माली धर्मशाला, हिण्डोली (बून्दी) में एक कार्यशाला का आयोजन दिनांक 29/04/2024 (सोमवार) को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आस-पास के क्षेत्र के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, प्रधानाध्यापक, अध्यापकगण व क्षेत्रीय युवा उत्साह के साथ शामिल होंगे। इसमें भाग लेने हेतु किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं होगा तथा दिनांक 29/04/2024 तक आवेदन करना होगा। विद्यार्थियों व अभिभावकों हेतु जलपान की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। ओरिएण्टेशन में पंजीयन एवं सहायता के लिए विद्यार्थी एडमिशन प्रभारी या विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर सकते हैं। विद्यार्थियों को ओरिएण्टेशन के दौरान विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम मे प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**1000 से अधिक प्रतिभावान स्टूडेंट्स को जाएगी विशेष रियायत दी:-** विश्वविद्यालय के छात्रों में प्रारम्भ से ही राज्य एवं अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं में रूचि एवं तैयारी कराने हेतु प्रतियोगी परीक्षा हेतु छात्रों को चयन करना है। कुलपति डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 26 मई 2024 को ब्लॉक/ तहसील/जिले स्तर पर छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रवेश प्रतियोगिता आयोजित करवाई जायेगी। जिसमे ब्लॉक स्तर पर 30 विद्यार्थी और जिले स्तर पर 200 विद्यार्थी कुल 1015 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा।

जिनको प्रथम वर्ष ट्यूशन फीस में 100 प्रतिशत की छूट द्वितीय वर्ष 50 प्रतिशत की छूट एवं तृतीय वर्ष में 25 प्रतिशत ट्यूशन फीस में छूट प्रदान की जायेगी। चयनित विद्यार्थियों को यह छूट प्रोत्साहन राशि के रूप में संभाग स्तर पर आयोजित काला बादल जयन्ती 04 सितम्बर 2024 को मुख्य कार्यक्रम में चेक के माध्यम से प्रदान की जायेगी। यह छात्रवृति जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय द्वारा छात्राओं को सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग (समाज कल्याण विभाग) राज. सरकार व उच्च शिक्षा विभाग की छात्रवृति के अतिरिक्त प्रदान की जायेगी।

प्रवेश के समय सभी विद्यार्थियों को पूर्ण फीस जमा करवाना आवश्यक है ताकि छात्र/छात्रा को सामाजिक न्याय विभाग या अन्य छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके। छात्रवृति परीक्षा रजिस्ट्रेशन फीस आरक्षित वर्ग के लिए 50 रू. व सामान्य वर्ग के लिए 100 रू. रखी गई है। विद्यार्थी स्वयं के साधनों से निर्धारित परीक्षा स्थल पर 45 मिनट पूर्व प्रवेश करना होगा।

जेएमए विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप परीक्षा एक घंटे की होगी जिसमें बहुविकल्पीय 50 प्रश्न दिए जायेंगे जिसमें से 25 प्रश्न सामान्य ज्ञान व 25 प्रश्न विद्यार्थियों की मुख्य विषय (कला/विज्ञान/वाणिज्य) के रखे जायेंगे व प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा। जिसमें से विद्यार्थियों को एक विषय का चयन करना होगा।

## निःशुल्क मेडिकल जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मेगा निशुल्क मेडिकल जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर इंचार्ज एवं जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अब्दुल रब ने जानकारी देते हुए बताया कि 3-एच -8, विज्ञान नगर में आयोजित निःशुल्क मेडिकल केंप मे शिशु रोग चिकित्सक, जनरल फिजीशियन, जनरल सर्जन, प्रसूति एवं महिला रोग चिकित्सक, चर्म रोग एवं आहार पोषण विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी।

एमसीटी क्लिनिक प्रभारी मोहम्मद ज़ाकिर आसफ़ी ने बताया कि शिविर प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ और निर्धारित समय 2 बजे के बाद तक भी रोगियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई।

शिविर से 255 रोगियों ने लाभ उठाया, जिन्हें मेडिकल परामर्श के साथ उपलब्ध दवाइयां निःशुल्क वितरित कि गईं तथा शिविर के चिकित्सकों द्वारा लिखी सीबीसी, ईसीजी, शुगर, बी.पी., हीमोग्लोबिन, आदि जांचें भी निःशुल्क की गईं। मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट के वाइस चेयरमेन सलीम अब्बासी ने शिविर को सफल बनाने मे सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, मेडिकल प्रतिनिधियों, ट्रस्टियों एवं स्टॉफ सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पक्षियों के लिए परिण्डे, दाना और पशुओं के लिए जल की व्यवस्था की



सिंधु सोशल सर्कल के द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए।

**कोटा,** (निसं)। विगत 35 वर्षो से सामाजिक सेवा और संस्कृति के संवर्धन के लिए कार्यरत संस्था सिन्धु सोशल सर्किल न रविवार को पक्षियों के लिए परिण्डे, दाना और पशुओं के लिए जल की व्यवस्था की। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सर्किल के उपाध्यक्ष संतोष करमचंदानी, सचिव राजेश ग्वालानी, सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी, सह सचिव मोहन इसरानी, संस्थापक सचिव गोपाल सपरा, पूर्व संरक्षक मुरलीधर अलरेजा, सलाहकार राज ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य व इस कार्यक्रम के प्रभारी सुशील बूलचंदानी, सदस्य दिनेश जेठवानी, किशन रामचंदानी, पवन रामानी, गुरमुख खूबचंदानी, मनोहर दायानी, दामोदर वनवानी आदि ने भाग लिया।

## आर्य समाज कोटा संभाग ने महिलाओं एवं बच्चों को चप्पलें पहनाई

- आर्य समाज के सेवा और संस्कार के कार्य निरंतर जारी

**कोटा** (निसं)। आर्य समाज द्वारा रावतभाटा के निकट बक्षपुरा गांव में 100 महिलाओं और बच्चों को चप्पलें वितरित कर गर्मी में तपती धरती की तपन से राहत प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

आर्य समाज के मीडिया प्रभारी अग्नि मित्र शास्त्री ने बताया कि बक्षपुरा गांव में आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा के नेतृत्व में वैदिक विद्वान आचार्य शोभाराम आर्य, राजेन्द्र मुनि, श्योराज वशिष्ठ आदि के साथ जाकर 50 महिलाओं और 50 बच्चों को धूप से पैरों को बचाने के लिए चप्पलें वितरित की गई।

आर्य समाज कोटा संभाग के महामंत्री अरविंद पाण्डेय ने बताया कि आए हुए सभी बच्चों और महिलाओं को बिस्किट के पैकेट एवं कुछ बच्चों एवं महिलाओं को अन्य घरेलू सामान उपहार के रूप में दिए गए। चप्पलें एवं अन्य सामान को पाकर बच्चे व महिलाएं प्रसन्नता से भर गई। सभी के चेहरे पर उत्साहजनक खुशी थी। इस अवसर पर आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा ने कहा कि आर्य समाज सेवा कार्य में आगे बढ़ कर कार्य करता है। सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। परोपकार के समान कोई अन्य कार्य नहीं है। कोटा में इस प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। आचार्य शोभाराम आर्य, श्योराज वशिष्ठ, राजेंद्र मुनि ने ईश्वर स्तुति मंत्रों का सस्वर उच्चारण किया।

आर्य समाज रावतभाटा के मंत्री ओमप्रकाश आर्य ने बच्चों से गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया। 2 साल से लेकर 15 साल तक के लड़के-लड़कियों तथा 80 साल तक की महिला को आर्य समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा चप्पलें पहनाई गई।

इस अवसर पर अमिता श्रीवास्तव, इंद्रपाल सिंह तोमर, अरविंद श्रीवास्तव, राजकुमार सूद, प्रधान विनोद कुमार त्यागी, राजीव आर्य का विशेष सहयोग रहा।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप बालक-बालिका वर्ग 28 अप्रैल 2024 का आयोजन मां भारती स्कूल स्वामी विवेकानन्द नगर में किया गया। इस कोटा डिस्ट्रिक्ट ट्राईल में करीब 60 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कोटा जिला सचिव मनोज कुमार ने बताया कि इस ट्राइल के में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके खिलाड़ी मई में होने वाली राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप के मुख्य अतिथि शशांक विजयवर्गीय, डॉयरेक्टर ऑफ मां भारती ग्रुप एवं मां भारती स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक रही। इस अवसर पर राजस्थान के सचिव लक्ष्मण सिंह हाड़ा और आयोजक मोहित सिंह राठौर, आकाश नरवाल, कृष्णकांत, संजीव शर्मा, निर्मल खारोल, चित्रांश आचार्य ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। मई में होने वाली राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में अर्पिता रिद्धिमा मेहता, लक्ष्य कलोसिया, अक्षय राजपूत, प्रिंस नरवाल, आयुष तीवाटिया, आरिश खान, दीपेश पोटर, चंचल कलोसिया, यानचिका शामिल हैं।

## कोटा रेल मंडल में मिशन रफ्तार परियोजना का कार्य अंतिम चरण पर

- जुलाई 2024 में 160 किमी/घंटा प्रोजेक्ट का मथुरा से नागदा खण्ड का कार्य पूरा होगा
- 80 प्रतिशत रेलवे लाईन के दोनों तरफ वाउन्डरी कार्य पूर्ण हुआ

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में मिशन रफ़्तार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

यह कार्य महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन, डीआरएम कोटा मनीष तिवारी एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति यूनिट के नेतृत्व में नई दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर मिशन रफ़्तार 160 किमी/घंटा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत मंडल के नागदा से मथुरा खण्ड के मध्य कुल 545 किमी की दूरी के तीसरे/अंतिम चरण कोटा-नागदा में वर्तमान में चल रहा है।

जिसे जुलाई,2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस प्रोजेक्ट में नागदा-मथुरा खण्ड में कार्य कुल 2665 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। नागदा-मथुरा के मध्य मिशन रफ़्तार प्रोजेक्ट का कार्य तीन भागो में विभाजित कर किया जा रहा है जिसमे मथुरा-गंगापुर सिटी 152 किलोमीटर, गंगापुर सिटी-कोटा 172 किलोमीटर एवं कोटा-नागदा 221 किलोमीटर शामिल है। प्रथम चरण में मथुरा-गंगापुर सिटी खण्ड का कार्य मार्च, 2024 तक, दूसरे चरण में गंगापुर सिटी-कोटा खण्ड का कार्य मई, 2024 तक एवं तीसरे/अंतिम चरण में कोटा-नागदा खण्ड का कार्य जुलाई, 2024 तक शामिल है।

इसमें मुख्यतः तीन विभाग इलेक्ट्रिकल, संकेत एवं दूर संचार तथा इंजीनियरिंग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत प्रमुख कार्यों में संरक्षा उद्देश्य से मवेशियों को ट्रैक पर आने से रोकने के लिऐं लाईन के दोनों तरफ वाऊंडरी वाल लगाने का कार्य, कवच प्रणाली, कर्व को कम करने एवं ओएचई का कार्य शामिल है। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अब तक नागदा से मथुरा 545 किलोमीटर की दूरी में ट्रैक के दोनों तरफ वाऊंडरी वाल लगाने का कार्य कुल 1090 किलोमीटर में से 872 किलोमीटर का कार्य अर्थात लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है शेष 218 किमी का शेष बचा है। ट्रैक के दोनों तरफ सुरक्षा हेतु वर्तमान में क्रैश वेरियर का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त कवच प्रणाली के तहत ब्लाक सेक्शन में कवच टॉवर तथा 87 विधुत लोको में कवच सिस्टम लगाया जा रहा है। 87 लोको में से अबतक 54 से अधिक लोको में कवच सिस्टम लग चुके है साथ ही ओएचई का कार्य विद्युत विभाग के द्वारा मथुरा-गंगापुर सिटी खण्ड में लगभग पूरा हो चुका है। मंडल के अधिकारियों द्वारा मिशन रफ़्तार परियोजना के तहत चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है।

## न्यू मेडिकल अस्पताल में मरीजों को दूध व बिस्किट बांटे

**कोटा,** (निसं)। जय बाईसा राज राजपुताना संस्था की जिला अध्यक्ष शशि चौहान ने बताया कि संस्थापक हेमलता सिंह गहलोत के आव्हान पर न्यू मेडिकल अस्पताल में आने वाली प्रसुति महिलाओं को जय बाईसा राज राजपुताना संस्था के द्वारा बिस्किट, दूध, फल बांटे गए, जिला अध्यक्ष शशि चौहान ने बताया कि अस्पताल में ग्रामीण अंचल से काफी महिलाएं आती हैं जिनको काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसको देखते हुए जय बाईसा राज राजपुताना संस्था की और से एक पहल की गई है।

जय बाईसा राज राजपुताना संस्थापक हेमलता सिंह गहलोत ने कहा की हमारी संस्था द्वारा प्रसुताओं को दूध और बिस्किट उपलब्ध कराएं हे इसी तरह संस्था की और से लगातार ये मुहिम चलाई जाएगी। और जरूरतमंद मरिज और परिजनों तक टीम की ओर से लगातार सेवा की जाएगी। भीषण गर्मी के चलते भी अब गर्मी में पुलिस यातायात जवानों के लिए भी जल्द सेवा का कार्य किया जाएगा। हेमलता सिंह गहलोत ने जनता से अपील की छत पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करें, छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें। पक्षियों के लिए चना, चावल, ज्वार, गेंहू आदि जो भी घर में उपलब्ध हो पक्षियों के लिए व्यवस्था छतों पर करें।

कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है। जय बाईसा राज राजपुताना संस्था सचिव हेमलता हाडा का कहना है। सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा।

इस सेवा कार्य में संस्था के पदाधिकारी सरोज कंवर झाला कोषाध्यक्ष,दुर्गेश सिसोदिया जिला उपाध्यक्ष, आभा चौहान जिला महासचिव, कुशल कंवर मंत्री,निहारिका चौहान रितु राठौर सलाहकार मंत्री सुनीता राणावत जिला कोषाध्यक्ष नीतू चौहान सहसचिव मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शायर महेश सुगम के सम्मान में गजल गोष्ठी

**कोटा,** (निसं)। साहित्यिक संस्था विकल्प जन सांस्कृतिक मंच, कोटा द्वारा शिवपुरा स्थित शायर शकूर अनवर के आवास पर बीना (मध्य प्रदेश) से आये हुऐ सुप्रसिद्ध साहित्यकार महेश कटारे सुगम के सम्मान में एक ग़ज़ल-गोष्ठी का आयोजन किया गया। सुगम ने अपनी हिंदी और बुंदेली की बेहतरीन गजलें प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश की हर भाषा और बोली में गजलें लिखी जा रही हैं। उन्होने यह भी कहा कि ग़ज़ल हमें तोड़ती नहीं जोड़ती है। ग़ज़ल हिंदी या उर्दू नहीं, ग़ज़ल, अपने हर रंग में ग़ज़ल होती है। मेजबान शायर शकूर अनवर ने मुख्य अतिथि सुगम को अपना गज़ल संग्रह 'पथराई झीलें ' तथा गोष्ठी का संचालन कर रहे कवि महेन्द्र नेह ने अपनी पुस्तक, 'भगत सिंह चालीसा' भेंट की। गोष्ठी में चांद शेरी, महेन्द्र नेह, शकूर अनवर और अतिथि साहित्यकार महेश कटारे सुगम ने अपनी प्रतिनिधि गजलें प्रस्तुत कर गोष्ठी को यादगार बनाया।

### आज यहां बिजली बंद रहेगी

**कोटा,** (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण सोमवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक-राजीव गांधी स्पेशल सुबह 10.30 से दोपहर 3.30 बजे तक महावीर नगर स्पेशल, सेक्टर-10, पारिजत कॉलोनी, डॉक्टर लोहाई मैटरनिटी हॉस्पिटल सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रिद्धि सिद्धि नगर, लक्ष्मण विहार, कुन्हाड़ी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, चंचल विहार, कृष्णा विहार, रिद्धि-सिद्धि नगर ए-ब्लॉक, रिद्धि-सिद्धि नगर बी-ब्लॉक, लैंडमार्क क्राउन, सिद्धि विनायक अपार्टमेंट और प्रज्ञा मार्ट, राजपूत कॉलोनी, केशवपुरा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तलवंडी सेक्टर -सी और 4 सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तकः श्रीनाथपुरम ई सेक्टर शाम 4 से 6 बजे तक श्रीनाथपुरम-बी, मकान नंबर -890 के पास सुबह 10 से दोपहर 1.30 बजे तक तलवंडी सेक्टर ए, बी और सी, एसएफएस आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### सृजन संस्कार वाटिका का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। राधा-कृष्ण मंदिर, तलवंडी में सृजन संस्कार वाटिका का विधिवत शुभारंभ गीता परिवार पश्चिमांचल प्रभारी गोविंद माहेश्वरी एवं राधा-कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल द्वारा किया गया। गीता परिवार अध्यक्ष नीना माहेश्वरी ने बताया कि संस्कार वाटिका मे 4 से 9 वर्ष तक के बच्चों को संस्कारवान बनाने के साथ उनका सर्वांगीण विकास किया जायेगा। कार्यक्रम मे गीता परिवार प्रदेश प्रभारी निर्मला मारू, गीता परिवार संरक्षक दामोदर मारु, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, अंकिता राठी, डॉ. राकेश अग्रवाल, विजय मित्तल, मनोहर द्विवेदी, प्रीति अदलखा, सुधा शर्मा, अंजना सारडा, कृतिका विजयवर्गीय इत्यादि की उपस्थिति रही।

### टिकट विंडो तक पहुंचने में यात्रियों को उठानी पड़ रही परेशानी

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके तहत टिकट विंडो के सामने दीवार का निर्माण कर दिया है और कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा रखा है। जिसके चलते यात्रियों को टिकट विंडो तक पहुंचने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है। साथ ही गर्मी की छुट्टियों के चलते ट्रेनों पर यात्री भर बढ़ गया है। परन्तु छबड़ा रेलवे स्टेशन पर टिकट विंडो के सामने दीवार का निर्माण कर दिया है। यहां टिकट मिलने संबंधित कोई बोर्ड भी नहीं लगा है। ना ही टिकट विंडो तक पहुंचने के लिए संकेतक लगे हुए है। जिससे स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है। दीवारों के भूल भुलैया से बड़ी मुश्किल से यात्री टिकट ले पाते हैं।

## श्रीमद्‌भागवत कथा में रुकमणी विवाह प्रसंग का आयोजन

- श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच कोटा द्वारा आयोजित कथा में श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं
- समाजसेवी डॉ. अमिता बिरला ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया

**कोटा,** (निसं)। श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच कोटा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

श्री रविशंकर उपाध्याय मथुरा वालो द्वारा प्रतिदिन आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान रुकमणी विवाह का मनोहारी प्रसंग सुनाया गया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा में समाजसेवी डॉ.अमिता बिरला ने उपस्थित होकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा को सुना।

कथावाचक रविशंकर उपाध्याय ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूर्ण करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया।

कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण रंग में रंग गई। उन्होंने कहा कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ।

रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुकमणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। इस अवसर पर आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुकमणी विवाह की झांकी सजाई गई। श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच की अध्यक्षा कल्पना गुप्ता व सचिव भूमिका गुप्ता ने बताया की श्रीमद्‌भागवत कथा में सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## हज यात्रियों के लिए वैक्सीनेशन एवं ट्रेनिंग शिविर पांच मई को

- कोटा से 200 एवं बूंदी से 56 आजमीन हज का सफर करेंगे
- अंतिम किश्त की तिथि बढ़ाकर तीन मई की
- वैक्सीनेशन कैंप में अन्य मेडिकल जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएंगी

**कोटा,** (निसं)। पवित्र हज यात्रा 2024 पर जाने वाले आजमीन के लिए कई सुविधाएं राजस्थान स्टेट हज कमेटी द्वारा दी जा रही है, इन सुविधाओं के साथ उनके लिए ट्रेनिंग व वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना हज यात्रा के दौरान नहीं करना पड़े"।

राजस्थान स्टेट हज कमेटी के सदस्य एवं उप-महापौर कोटा उत्तर नगर निगम सोनू कुरैशी ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन के लिए 3 लाख 42 हजार 500 रुपए का शुल्क रखा गया है, जिसमें 15500 रुपए कुर्बानी के अलग से होंगे। उन्होंने कहा कि हज यात्रा की राशि जमा कराने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 3 मई 2024 कर दिया है। अंतिम किश्त 90 हजार रुपए तय समय 3 मई को जमा कराने होंगे।

सोनू कुरैशी ने बताया कि 5 मई को जंगलीशाह बाबा परिसर में वैक्सीनेशन व ट्रेनिंग कैंप का आयोजन सुबह 8 बजे से किया जाएगा, जिसमें एक्सपर्ट कई अहम जानकारियां देंगे साथ ही वैक्सीनेशन कैंप में वैक्सीन के साथ ही अन्य मेडिकल जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी और हज यात्री का चैकअप भी होगा। हज पर जाने वाले आजमीन के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा लाटरी निकाले जाने के बाद से लोगों में काफी उत्साह है। इस बार हज यात्रा पर कोटा से जाने वाले आजमीन 200 होंगे जबकी बूंदी से 56 हज यात्री इस पवित्र यात्रा पर जाएंगे।

# भवानीमंडी में भारत विकास परिषद ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**भवानीमंडी** (निसं)। बेजुबान असहाय पक्षियों को गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए भारत विकास परिषद भवानीमंडी ने नीलकंठ मुक्तिधाम, एवं शिवालय मंदिर पर 41 परिंडे लगाएं एवं उनमें नियमित पानी भरने की व्यवस्था की।

परिषद के मीडिया प्रभारी कमलेश दलाल ने बताया कि झालावाड़ नागरिक सहकारी बैंक भवानीमंडी के सहयोग से परिषद ने इस वर्ष 101 परिंडे लगाने का लक्ष्य लिया है, जिसमें से 41 परिंडे रविवार को नीलकंठ मुक्तिधाम एवं भवानीश्वर शिवालय मंदिर बगीचे पर लगाए गए, इस अवसर पर परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमल सुरेका, प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी, शाखा संरक्षक गोविंद भराडिया, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव हेमराज शर्मा, प्रहलाद सिंह, दिनेश गुप्ता, श्याम चौधरी, प्रदीप शर्मा, परमजीत सिंह, दामोदर शुक्ला, राजेश खंडेलवाल, विजय पूनिया, प्रमोद नागोरी, यश नाहर, कमलेश दलाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।



बेजुबान असहाय पक्षियों को गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए 41 परिंडे लगाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा सचिव हेमराज शर्मा ने कहा कि प्रांतीय निर्देशानुसार 28 अप्रैल से 5 मई तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें जीव सेवा और मानव सेवा हेतु जलमंदिर, चरण पादुका वितरण, परिंडे लगाकर पानी की व्यवस्था करना इत्यादि कार्यों को किया जा रहा है।

परिषद अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि गर्मी में पक्षियों को पानी की व्यवस्था हो सके और भीषण गर्मी से उन्हें राहत मिल सके इसी उद्देश्य से परिषद प्रतिवर्ष सघन क्षेत्रों में परिंडे लगाने का कार्य करती है, इसी क्रम में नागरिक बैंक भवानीमंडी के सहयोग से इस वर्ष भी 101 परिंडे भवानीमंडी के मुक्तिधाम, शिवालय, अदालत परिसर, रेलवे स्टेशन, गोपाल गौशाला, बान्डीयाबाग, कालवा स्थान मंदिर आदि सघन क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं।

## जल सेवार्थ प्याऊ स्थापित की

**कोटा,** (निसं)। ग्रीष्म ऋतु में राहगीरों हेतु जल सेवार्थ स्थानीय नागरिकों ने खड़े गणेशजी रोड़ स्थित आरोग्य नगर में सार्वजनिक प्याऊ स्थापित किया। जिसका शुभारंभ कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर संत प्रभाकर महाराज ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जल सेवा करना महत्वपूर्ण कार्य है। प्रतिदिन तमाम लोग यहां शुद्ध और शीतल जल पीकर अपनी प्यास बुझाकर शांति की अनुभूति करेंगे। हर गृहस्थ को तीन कार्य अवश्य करना चाहिऐं। ज्ञानार्जन, धनार्जन और पुण्यार्जन। जीवन में तन मन और धन से सेवा कार्य से ही श्रेष्ठ पुण्यार्जन होता है। इसलिए तन-मन और धन से भलाई के कार्य करें, इससे मन तो प्रसन्न होता ही है साथ ही आत्म शांति भी मिलती है। इस अवसर पर किराना कारोबारी कमल नागर ने बताया कि यहां पर कई वर्ष से प्याऊ लगाते आ रहे है। जिसमें अनेक लोगों का सहयोग रहता है इस वर्ष भी प्याऊ का शुभारंभ हुआ है जिसमें पचास साठ कैम्पर जल क्षेत्रवासी और राहगीर प्रतिदिन पी लिया करते हैं। यह क्रम गर्मी भर चलेगा।

**कार्यालयः-के.एस. सोनी, एच.वी. दुबे एडवोकेटस, अधिवक्ता केम्पस, जिला न्यायालय परिसर जिला श्योपुर (म.प्र.)**
M. 9425752035 M. 9425418053
रजिस्टर्ड नोटिस :-
बनाम
रोहित कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री विशन बहादुर कुलश्रेष्ठ (टू व्हीलर पार्टस के थोक सप्लायर) निवासी 5-जे, 2 व्ही. महावीर नगर विस्तार कोटा, जिला कोटा (राजस्थान)
.........नोटिसग्रहिता
यह कि हमारे पक्षकार नोटिसदाता मेसर्स मदन ट्रेडिंग कम्पनी श्योपुर द्वारा मदन मौहन गर्ग पुत्र स्व. नेमीचंद जी गर्ग, आयु 52 वर्ष निवासी पीली कोठी के पीछे पाली रोड श्योपुर जिला श्योपुर ( म.प्र. ) ने आप नोटिस ग्रहिता को निम्न लिखित सूचना पत्र प्रेषित करने हेतु हमें अधिवक्ता नियुक्त किया है। अतः आप सूचना प्राप्त कीजिये:-
1- यह कि आप नोटिस ग्रहिता ने हमारे पक्षकार नोटिस दाता से घरू कार्य हेतु (400000/-) चार लाख रूपये नगदी उधार लिये थे जिसके भुगतान हेतु आपने बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा महावीर नगर कोटा ( राज. ) 324005 का चैक कमांक 074841 दिनांक 02.02.2024 से राशि (400000/-) चार लाख रूपये भरकर अपने हस्ताक्षर करके नोटिसदाता को दिया था जो उसने उसकी व्यवसायिक एंव औद्योगिक सहकारी बैंक लिमिटेड मुरैना ( म.प्र. ) की शाखा श्योपुर में भुगतान प्राप्त करने हेतु पेश किया जिसे बैंक ने ''खाते में रकम की व्यवस्था नहीं है ''का पृष्ठांकन अपने ज्ञापन के कमांक-6 पर चिन्हांकित करते हुऐ दिनांक 21.03.24 को ज्ञापन सहित उक्त चैक वापिस कर दिया इस तरह आप नोटिस ग्रहिता द्वारा दिया गया उक्त चैक अनादरित होकर नोटिसदाता को वापिस प्राप्त हुआ जिसकी सूचना विधि अनुसार आप नोटिस ग्रहिता को प्रेषित की जा रही है।
अतः आप नोटिस ग्रहिता को सूचित किया जाता है कि आप यह सूचना प्राप्त होने के दिनांक से अंदर अवधि 15 दिवस हमारे पक्षकार नोटिसदाता मै. मदन ट्रेडिंग कम्पनी को उक्त चैक में वर्णित राशि 400000/- ( चार लाख ) रूपये अदा कर उससे रसीद प्राप्त कर लेवें अन्यथा समयावधि पश्चात आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे के लिये आप नोटिस ग्रहिता स्वंय उत्तरदायी होगें।
दिनांक : 15.04.2024
**मैसर्स मदन ट्रेडिंग कम्पनी श्योपुर द्वारा मदन मोहन गर्ग जर्ये अभिभाषक के.एस.सोनी, एच.वी.दुबे एडवोकेटस श्योपुर**